Australian Government
Services Australia

HINDI

COVID-19 आपदा भुगतान के लिए दावा कैसे करें

यदि आप एक ऐसे कार्यकर्ता हैं जिसे प्रतिबंधित आवाजाही आदेश या तालाबंदी (लॉकडाउन) के कारण आय में नुकसान हुआ है, तो आप COVID-19 Disaster Payment प्राप्त करने में सक्षम हो सकते/सकती हैं।

यदि आप एक Australian (ऑस्ट्रेलियाई) निवासी हैं, तो आपको इस भुगतान का दावा ऑनलाइन करना होगा। इसके लिए आपको Centrelink ऑनलाइन खाते से जुड़े myGov खाते की आवश्यकता होगी। इन्हें बनाना आसान है।

यह सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने नुकसान हुए काम के घंटों की संख्या और आपके कार्य-नियोक्ता के एबीएन जैसे विवरण तैयार हैं।

यदि आपने पहले हमसे भुगतान का दावा नहीं किया है, तो आपको अपनी पहचान साबित करने की भी आवश्यकता होगी। आप यह सब ऑनलाइन कर सकते/सकती हैं।

आपको अपने बारे में कुछ जानकारी के साथ-साथ अपनी पहचान के दस्तावेजों में से कुछ जानकारी एंटर करनी होगी, जैसे आपका Australian (ऑस्ट्रेलियाई) जन्म प्रमाण-पत्र और ड्राइवर्स लाइसेंस।

आपको हमें कॉल करने की आवश्यकता नहीं है। जब आप सफलतापूर्वक अपना दावा जमा कर लेंगे/लेंगी, तो हम आपको एक एसएमएस भेजेंगे।

अगर आपके पास Australia (ऑस्ट्रेलिया) में काम करने का अधिकार देने वाला एक वीज़ा है, तो दावा करने के लिए आपको हमें 180 22 66 पर कॉल करना होगा।

यदि आप पात्र हैं, तो हम सीधे आपके बैंक खाते में भुगतान कर देंगे।

यदि आप स्वचालित आवर्ती भुगतानों के लिए पंजीकरण कराते/कराती हैं, तो आपको प्रत्येक नई दावा अवधि की शुरुआत के 7 दिनों के अंदर भुगतान मिल जाएगा। इसके बाद से आपको नया दावा नहीं करना होगा।

यदि 7 दिनों से अधिक समय न हो गया हो, तो आपको हमारे साथ जांच करने की आवश्यकता नहीं है।

यह सुनिश्चित करें कि आपके बैंक खाते का विवरण सही है, ताकि हम आपको जितनी जल्दी हो सके भुगतान कर सकें।

पात्रता और दावा कैसे करें, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **servicesaustralia.gov.au/covid19disasterpayment** पर जाएँ

COVID-19 Disaster Payment

If you're a worker who lost income due to a restricted movement order or lockdown, you may be able to get the COVID-19 Disaster Payment.

If you're an Australian resident, you must claim this payment online. You'll need a myGov account linked to a Centrelink online account. It's easy to set these up.

Make sure you have details ready like how many hours of work you've lost and your employer's ABN.

If you haven't claimed a payment from us before, you'll also need to prove your identity.
You can do this all online.

You'll need to enter some information about yourself as well as some information from your identity documents such as your Australian birth certificate and driver's license.

You don't need to call us, we'll send you an SMS when you successfully submit your claim.

If you hold a visa that gives you the right to work in Australia, you'll need to call us on 180 22 66 to claim.

If you're eligible, we'll make a payment straight into your bank account.

When you're registered for automatic recurring payments, you'll get paid within 7 days of the start of each new claiming period. You won't have to make a new claim from then onwards.

You don't have to check with us unless it has been more than 7 days.

Make sure your bank account details are correct so we can pay you as quickly as possible.

For more information about eligibility and how to claim, go to
servicesaustralia.gov.au/covid19disasterpayment